तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 20 दिसंबर 2024

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा


12 शहीद वीर नारायण की प्रतिमा का विधायक ...



12 सरकार से त्रस्त किसानों ने किया चक्कजाम...



## खबर संक्षेप



### राज्य स्तरीय प्रो कबड्डी स्पर्धा रावस में 24 से

**सरोना।** सरोना तहसील के ग्राम रावस में 24 दिसंबर मंगलवार को राज्य स्तरीय प्रो कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में सभी कबड्डी प्रेमियों और खिलाड़ियों को सादर आमंत्रित किया जाता है। प्रतियोगिता के अंतर्गत शानदार पुरस्कार दिए जाएंगे, जिनमें प्रथम पुरस्कार 8001 एवं ट्रॉफी, द्वितीय पुरस्कार 5001 एवं ट्रॉफी, तृतीय पुरस्कार 3001 एवं ट्रॉफी, चतुर्थ पुरस्कार 2001 एवं ट्रॉफी, पंचम पुरस्कार 1001 एवं ट्रॉफी। समिति का निर्णय सर्वमान्य रहेगा और खिलाड़ियों को ध्यान रखना होगा कि किसी भी प्रकार की चोट के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। प्रतियोगिता मिट्टी के मैदान पर आयोजित की जाएगी।

### सीएचसी दुर्गूकोंदल में रक्तदान शिविर आज



**दुर्गुकोंदल।** सुशासन का एक साल छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल थीम पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुर्गुकोंदल में 20 दिसंबर को रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। सामुदायिक स्वस्थ केंद्र के परिसर में सुबह 11 से शाम 4 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज किशोरे ने क्षेत्र के अधिकारी, कर्मचारी, ग्रामीण, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, सामाजिक संस्था एवं अन्य लोगों से अपील की है कि जो भी इच्छुक व्यक्ति रक्त दान करना चाहते है वो स्वेच्छा से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आकर रक्त दान कर सकते है। स्वास्थ शिविर में सभी लाभार्थियों का निःशुल्क ब्लूड प्रेशर, एवं शुगर जांच किया जाएगा।

## निर्वाचन : कांकेर नगरपालिका के उपाध्यक्ष का वार्ड अनारक्षित महिला के लिए आरक्षित

# नगरीय निकाय चुनाव : आरक्षण ने दिग्गज पार्षदों का बिगाड़ा समीकरण, सुरक्षित वार्डों की तलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

नगरपालिका कांकेर, नगर पंचायत चारामा, भानुप्रतापपुर, अंतागढ़ और पखांजुर के वार्डों का आरक्षण हुआ। नगर पालिका कांकेर के कई वार्ड जिस पर लंबे समय से पार्षद बनने वालों का इस बार आरक्षण ने समीकरण बिगाड़ दिया। शिवनगर, जवाहर वार्ड, शीतलापारा, भंडारीपारा वार्ड अनारक्षित महिला के खाते में चले गए। महिला के लिए आरक्षित हो जाने पर अब दिग्गज पार्षद दूसरे वार्डों में चुनाव लड़ सकते है। जानकारी के अनुसार जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिले की एक नगरपालिका का आरक्षण 19 दिसंबर को निर्धारित समय दोपहर 2 बजे से शुरू किया गया। कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर और जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी ने सबसे पहले वार्डवार जनसंख्या की जानकारी दिया। उसके बाद बताया कि सबसे पहले अनुसूचित जाति की जनसंख्या की जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ग के लिए दो वार्ड आरक्षित होंगे। इन दो में से 2019 में जो महिला के लिए आरक्षित था, उसे मुक्त घोषित किया और दूसरे ▶▶| शेष पेज 10 पर

### शिवनगर, जवाहर वार्ड, शीतलापारा, भंडारीपारा वार्ड अनारक्षित महिला के लिए आरक्षित





**नगर पंचायत पखांजुर का आरक्षण**

| क्र. | वार्ड | आरक्षण |
|---|---|---|
| 1. | महात्मा गांधी | अनारक्षित (महिला) |
| 2. | पं. दीनदयाल | अनारक्षित |
| 3. | माँ शारदा वार्ड | अजाज (महिला) |
| 4. | शीतला माता वार्ड | अनारक्षित (महिला) |
| 5. | चंद्रशेखर वार्ड | अनारक्षित |
| 6. | भगत सिंह वार्ड | अनारक्षित |
| 7. | सुभाष चंद्र वार्ड | अनारक्षित (महिला) |
| 8. | लाल बहादुर शास्त्री | अजा |
| 9. | शहीद गेंद सिंह | अनारक्षित (महिला) |
| 10. | बजरंग वार्ड | अजजा |
| 11. | माँ दुर्गा वार्ड | अन्य पिछड़ा वर्ग |
| 12. | डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी | अनारक्षित |
| 13. | विवेकानंद वार्ड | अनारक्षित |
| 14. | रवींद्र नाथ टैगोर वार्ड | अनारक्षित |
| 15. | डॉ. भीमराव अंबेडकर वार्ड | अनारक्षित |

**कांकेर नगरपालिका का आरक्षण**

| क्र. | वार्ड | आरक्षण |
|---|---|---|
| 1. | अलबेलापारा | अजजा |
| 2. | उदयनगर | अनारक्षित |
| 3. | शिवनगर | अनारक्षित (महिला) |
| 4. | माहुरबंदपारा | अजजा |
| 5. | जवाहर वार्ड | अनारक्षित (महिला) |
| 6. | संजय नगर | अनारक्षित |
| 7. | आमापरा | अन्य पिछड़ा वर्ग |
| 8. | शीतलापारा | अनारक्षित (महिला) |
| 9. | श्रीरामनगर | अनारक्षित |
| 10. | भंडारीपारा | अनारक्षित (महिला) |
| 11. | महादेव वार्ड | अनारक्षित |
| 12. | मांझापरा | अनारक्षित |
| 13. | सुभाष वार्ड | अजा |
| 14. | अन्नपूर्णापारा | अनारक्षित |
| 15. | एमजी वार्ड | अजजा (महिला) |
| 16. | शांतिनगर | अनारक्षित |
| 17. | कंकालिनपारा | अन्य पिछड़ा वर्ग (महिला) |
| 18. | बरदेभाटा | अजजा |
| 19. | अघन नगर | अन्य पिछड़ा वर्ग |
| 20. | जनकपुर वार्ड | अजा (महिला) |
| 21. | राजापार वार्ड | अन्य पिछड़ा वर्ग |

### शीतलापारा अनारक्षित महिला वार्ड होने से बजी ताली

*कांकेर नगरपालिका के शीतलापारा वार्ड अनारक्षित महिला हो जाने से नगर पालिका उपाध्यक्ष मकबूल इस वार्ड से चुनाव नहीं लड़ पाएंगे, अब नए वार्ड की तलाश में जाएंगे। इस वार्ड के महिला आरक्षित हो जाने से सभाकक्ष में जुटी भीड़ ने जमकर ताली बजाया, वहीं संजय नगर के अनारक्षित हो जाने से भी लोगों ने जमकर ताली बजाई। आरक्षण में लाटरी से जो सीटें निकली, उस पर कांग्रेसी कुछ ज्यादा ही खुश नजर आएं।*

### ढाई बजे के बाद नगर पंचायतों का हुआ आरक्षण

*कांकेर नगरपालिका का आरक्षण ढाई बजे समाप्त हो गया और इस समय तक कक्ष में हो हल्ला हो रहा था। दोपहर ढाई बजे के बाद नगर पंचायत चारामा, भानुप्रतापपुर, अंतागढ़ और पखांजुर का आरक्षण सवा घंटे में पूरा हुआ। नगर पंचायत के आरक्षण के समय माहौल शांत रहा, यहाँ तक लाटरी के लिए पर्ची निकालने के लिए लोग नहीं आ रहे थे।*

**नगर पंचायत अंतागढ़ का आरक्षण**

| क्र. | वार्ड | आरक्षण |
|---|---|---|
| 1. | डॉ. भीमराव अम्बेडकर | अनारक्षित |
| 2. | महादेव वार्ड | अजजा (महिला) |
| 3. | राजीव गांधी वार्ड | अजजा |
| 4. | श्यामनगर वार्ड | अजजा (महिला) |
| 5. | बजरंग वार्ड | अजजा |
| 6. | रानी दुर्गावति वार्ड | अजजा |
| 7. | वीरा नारायण सिंह | अनारक्षित |
| 8. | मिनीमाता वार्ड | अजा |
| 9. | महारानी लक्ष्मीबाई | अनारक्षित (महिला) |
| 10. | गुलाब पुजारी | अनारक्षित |
| 11. | शीतला माता वार्ड | अनारक्षित (महिला) |
| 12. | देवनी डोकरी वार्ड | अनारक्षित |
| 13. | ठाकुरदाई | अनारक्षित |
| 14. | चन्द्रशेखर आजाद | अनारक्षित |
| 15. | इन्द्रागांधी वार्ड | अजजा |

**नगर पंचायत भानुप्रतापपुर का आरक्षण**

| क्र. | वार्ड | आरक्षण |
|---|---|---|
| 1. | डॉ. भीमराव अम्बेडकर | अनारक्षित (महिला) |
| 2. | सरदार वल्लभ भाई | अनारक्षित (महिला) |
| 3. | शंकर नगर | अजा |
| 4. | महात्मा गांधी | अन्य पिछड़ा वर्ग (महिला) |
| 5. | इंदिरा गांधी | अनारक्षित |
| 6. | जवाहर लाल नेहरू | अनारक्षित |
| 7. | शिवाजी वार्ड | अजजा |
| 8. | शहीद भगत सिंह | अजजा |
| 9. | लाल बहादुर शास्त्री | अजजा |
| 10. | गुरूनानक वार्ड | अनारक्षित (महिला) |
| 11. | नेता जी सुभाषचंद्र | अनारक्षित |
| 12. | चंद्रशेखर आजाद | अनारक्षित |
| 13 | दुर्गा नयापारा | अनारक्षित |
| 14. | महाराण प्रताप | अन्य पिछड़ा वर्ग |
| 15. | लोकमान्य तिलक | अजजा (महिला) |

**नगर पंचायत चारामा का आरक्षण**

| क्र. | वार्ड | आरक्षण |
|---|---|---|
| 1. | पं. जवाहर लाल | अनारक्षित (महिला) |
| 2. | इंदिरा गांधी | अनारक्षित (महिला) |
| 3. | छत्रपति शिवाजी | अनारक्षित |
| 4. | माता शीतला | अन्य पिछड़ा वर्ग |
| 5. | महाराण प्रताप | अजजा (महिला) |
| 6. | रानी दुर्गावती | अनारक्षित |
| 7. | पं. दीनदयाल | अन्य पिछड़ा वर्ग (महिला) |
| 8. | लोकमान्य तिलक | अनारक्षित |
| 9. | डॉ. भीमराव अम्बेडकर | अजा |
| 10. | चंद्रशेखर आजाद वार्ड | अन्य पिछड़ा वर्ग |
| 11. | सुभाषचंद्र वार्ड | अनारक्षित |
| 12. | शहीद भगत सिंह | अन्य पिछड़ा वर्ग |
| 13. | महात्मा गांधी | अनारक्षित |
| 14. | लाल बहादुर शास्त्री | अनारक्षित (महिला) |
| 15. | गुरूनानक वार्ड | अजजा |

# धनेलीकन्हार शिविर में रक्तदान स्वास्थ्य और आंखों की जांच की



**धनेलीकन्हार।** एक साल शुसासन का छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल के अवसर पर शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध जिला अस्पताल कांकेर के ब्लड बैंक के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र धनेलीकन्हार में विशाल रक्तदान शिविर व स्वास्थ शिविर का आयोजन 19 दिसंबर को स्वास्थ केन्द्र परिसर में आयोजित किया गया, जिसमें आसपास के लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधीकारी डां. महेश कुमार सांडिया के मार्गदर्शन में धनेलीकन्हार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित शिविर में विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. शशांक गुप्ता ने शिविर के उद्देश्य को बताया और रक्तदान करने से होने वाले लाभ के बारे में भी बताया गया। आयोजित रक्तदान शिविर में लोगों ने उत्सुकता से भाग लिया। रक्तदान शिविर में 21 जागरूक लोगों ने रक्तदान किया वहीं 153 मरीजों का स्वास्थ परिक्षण किया गया। रक्तदान शिविर के अलावा आयोजित स्वास्थ्य शिविर में नेत्र सहायक अधिकारी चन्द्रहास नाग के द्वारा 47 लोगों नेत्र जांच किया गया। इस रक्तदान शिविर में व्याख्याता प्रदीप साहू ने 16 वी बार रक्तदान दिया वही भाजपा मंडल महामंत्री लोकेश्वर सेन ने छठवीं बार रक्तदान दिया। आयोजित शिविर को सफल बनाने में डा. सुनील सोनी, मिथलेश मरकाम, बल्ड बैंक प्रभारी लैब टेक्नीशियन रवि ठाकुर, अजय सेठिया, तामेश्वर साहू, ग्राम के सरपंच बिरेंद्र मारगिया, खेमलाल साहू, दिशम सिन्हा, उज्ज्वला ठाकुर का विशेष सहयोग रहा।

# कलेक्टर ने धान संग्रहण केंद्रों की स्टाक पंजी बारदाना का किया निरीक्षण और दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के तहत जिले के धान संग्रहण केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदा जा रहा है। इस तारतम्य में कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने गुरूवार की शाम को जिले के नाथियानवागांव, लखनपुरी, चिनौरी तथा शाहवाड़ा केन्द्रों का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने इन केन्द्रों में जाकर स्टॉक पंजी, धान की आवक एवं जावक तथा बारदानों एवं मौसम के अनुरूप तारपोलिन आदि की व्यवस्था की जानकारी लिया, साथ ही धान के उठाव के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने धान के सीधे उठाव के लिए निर्देशित किया तथा जाम की स्थिति निर्मित न हो इसके लिए जल्द से जल्द परिवहन सुनिश्चित कराने के निर्देश खाद्य अधिकारी को दिए। उन्होंने मौसम को दृष्टिगत करते हुए पर्याप्त संख्या में तारपोलिन एवं बारदानों की ढ़कने की अन्य व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देशित किया। इसके अलावा केन्द्र में धान बेचने आए किसानों से चर्चा कर उनकी परेशानियों से अवगत हुए। साथ ही समिति प्रबंधकों और मैदानी स्टाफ को जरूरी निर्देश दिए। इस अवसर पर खाद्य अधिकारी जनमेजय नायक, जिला विपणन अधिकारी आशुतोष कोसरिया सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि जिले के 01 लाख 05 हजार 588 पंजीकृत किसानों द्वारा जिले के संग्रहण केन्द्रों में धान बेचा जा रहा है, जिसके तहत निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध अब तक 36 हजार 453 किसानों के द्वारा 23.7 प्रतिशत रकबे का धान बेचा जा चुका है। खाद्य अधिकारी ने बताया कि जिले में राईस मिलों की संख्या 51 है, जिनमें से 46 को अनुमति प्रदान की गई है। अब तक 01 लाख 77 हजार 595 मैट्रिक टन धान का उपार्जन किया जा चुका है। जबकि जारी किए गए 12 हजार 696 के विरूद्ध 03 हजार 493 मैट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका है, जो कुल उठाव का 28 प्रतिशत है तथा 09 हजार 203 मैट्रिक टन का उठाव शेष है।

# महिला पर पत्थर से हमला किया फरार आरोपी की पतासाजी जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



कोयलीबेड़ा थानांतर्गत ग्राम तुरसानी में पुरानी बात को लेकर आरोपी ने महिला के साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है, वहीं आरोपी फरार हो गया है, जिसकी पुलिस पतासाजी करने में जुट गई है। कोयलीबेड़ा थाना में शिकायत करने पहुँचे तुरसानी निवासी 32 वर्षीय मानूराम उसेंडी पिता स्व. सन्नु राम उसेंडी ने पुलिस को बताया कि 16 दिसंबर की रात को पूरा परिवार खाना खाकर सोए हुए थे, उसी दिन रात को करीबन 10 बजे मेरी भतीजी गीता आंचले कुछ दुर पर रहती है, वह जोर-जोर से आवाज देकर बुला रही थी और कह रही थी कि मेरी मां फतो बाई को अगन सिंह आंचले जान से मार दूंगा बोल रहा है और गाली दे रहा है। आवाज को सुनकर सगनू राम व उमेंद्र कुमार वहां पर पहुंचा तो आरोपी अगन सिंह भाग गया। आरोपी ने फतोबाई के मुंह और सिर के ऊपर पत्थर से मारकर चोट पहुंचाया था। आज से लगभग 6 वर्ष पहले अगन सिंह आंचला और गीता उसेंडी की गांव में शादी हुई थी, जिसका एक वर्ष का लड़का है। अगन सिंह शुरू से ही अपने घर में लड़ाई झगड़ा मारपीट करता था, जिसे एक माह पहले सामाजिक बैठक में बात करके अलग अलग रह रहे थे। उसी बात पर गुस्से में आकर आरोपी ने अपनी सांस को मारपीट कर चोट पहुंचाया है।

### लोहत्तर में राज्य स्तरीय मानसगान सम्मेलन 23 से

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत लोहत्तर में त्रि-दिवसीय मानसगान सम्मेलन 23 से 25 दिसम्बर तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें मानस सम्मेलन में भगवान विष्णु के द्वारा धरती पर लिए राम अवतार की मानवीय गुणों पर चर्चा की जाती है कि भगवान राम ने अपने मानव रूप में किस तरह से हर कठिनाई को संघर्ष कर पार किया। उनके भाई प्रेम, मातृ प्रेम, पितृ प्रेम, पत्नी प्रेम, मित्र प्रेम, गुरु प्रेम, इच्छा शक्ति, द्रण संकल्प पर अपनी अपनी अनुसार व्याख्या तीन दिनों तक की जाएगी, जिसमे ख्यातिलब्ध मानस मण्डलीयों का आगमन होगा।

## मौसम में आया बदलाव, अधिकतम तापमान में हुई बढ़ोतरी

# बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का सिस्टम बनने से गहराएगी बदली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- बूंदा-बांदी की आशंका, बदली छटेगी तो फिर ठंड में होगी बढ़ोतरी

बंगाल की खाड़ी में एक कम दबाव का सिस्टम बना हुआ है, जिसके कारण प्रदेश में नमी का आगमन हो रहा है, इसके चलते कांकेर जिले में गुरूवार 19 दिसंबर को दोपहर के बाद से बादल गहरा गए है और तापमान में वृद्धि भी हुई है। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो एक से दो दिन में हल्की बूंदाबांदी भी हो सकती है। बादल छटने के बाद फिर से ठंड बढ़ेगी। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो हवा के साथ आ रही समुद्री नमी से प्रदेश में ठंड थोड़ी कम हो गई है। प्रदेश के मध्य और दक्षिण छत्तीसगढ़ में नमी बढ़ गई। इसके वजह से रात के तापमान में बढ़ोतरी होगी। प्रदेश के बस्तर संभाग और उससे लगे जिलों में 22 दिसंबर तक हल्की बारिश की संभावना जताई गई है।



बंगाल की खाड़ी में एक कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। इसके वजह से मौसम में बदलाव हो रहा है। अगले तीन दिनों में मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। बादल छाए रहने के साथ कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश भी हो सकती है। जिले में पारा चढ़ने से ठंड में मामूली कमी आई है। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान 3 से 5 डिग्री तक बढ़ने की संभावना है। कुछ इलाकों में हल्की वर्षा हो सकती है।

पश्चिम बंगाल में एक लो प्रेशर क्षेत्र का निर्माण हुआ है, जिसका प्रभाव तमिलनाडु पर देखने को मिलेगा। जिले में आज भी आंशिक बादल छाए रह सकते हैं। न्यूनतम तापमान 13 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है। मौसम तंत्रिका की वजह से आने वाले दिनों में रात के तापमान में उतार- चढ़ाव की स्थिति रहने की संभावना है। इसके कारण ठंड कभी कम, तो कभी ज्यादा की स्थिति में रह सकता है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि पश्चिम बंगाल में बना लो प्रेश्रर ज्योंही खत्म होगा, मौसम सामान्य होगा और उसके बाद ठंड के बढ़ने की आशंका बढ़ जाएगी और साल के अंतिम दिनों में कड़ाके की ठंड पड़ सकती है।

पाठक सूचना

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

